



DR. RAVI KANNAN R.

Dr. Ravi Kannan R. has been serving as Director of Cachar Cancer Hospital and Research Centre, a hospital located in the outskirts of Silchar town in the Barak Valley of Assam from June 2007. His team has transformed the then 20 bed hospital staffed by 23 people with a 6% bed occupancy rate and limited infrastructure and treatment facilities into a full-fledged 100 bed comprehensive cancer care facility with over 300 staff and a near 100% bed occupancy rate.

2. Born on 5th August, 1964, Dr. Kannan graduated with an M.B.B.S. from Kilpauk Medical College, Chennai in 1987, completed a Masters in General Surgery (M.S.) from Maulana Azad Medical College, New Delhi in 1991 and a Master of Chirurgie (M.Ch.) in Surgical Oncology from Cancer Institute (VV.I.A.), Chennai in 1994. He served fifteen years at the Cancer Institute (W.I.A.), Chennai where he developed his belief of inclusive health care - to strive to ensure that the fruits of scientific advances reach the lowest in the socioeconomic pecking order. He firmly believes that he is blessed to have been guided and mentored by some amazing teachers through his education and career.

3. Dr. Kannan's group of dedicated doctors, nurses and other health workers offer cancer care to an extremely underserved and economically impoverished community of patients, from the Barak Valley and other districts of Assam and from the states of Tripura, Manipur, Meghalaya and Mizoram, who otherwise might not access any treatment. The hospital sees over 4000 new and nearly 20,000 follow-up patients annually. Nearly 62% of the patients earn Rs. 6000 or less a month, 80 per cent of the patients are daily wage earners, agricultural and tea garden workers. Nearly 75% of the patients are supported for their boarding, lodging and treatment.

4. Dr. Kannan and his colleagues make efforts to ensure that no patient at the hospital is denied appropriate treatment for want of resources. Besides low or no cost treatment, the hospital offers free food to all in patients and needy attenders, a Dharamshala at very nominal charges, a pharmacy that offers medicines at very low costs, ad hoc employment opportunities to able patients and attenders, services of a resource mobilisation team to help patients find support, satellite clinics closer to patients' homes in neighbouring districts and a free home care programme for those who are unable to come to the hospital._ In order to ensure that all patients are treated with equal importance, the hospital does not charge patients differentially.

5. Dr. Kannan is a member of several professional bodies and is passionate about medical teaching. He has trained several surgeons who in turn are doing very well in different parts of the country.

6. Dr. Kannan has received several awards and honours including Dr. K.S. Sanjeevi Award for service in 2004; Karmayogi Award for 2010-11 from Lions Club International; Cancer Aid and Research Foundation Award for excellence in Oncology, 2012; sixteenth Bhagwan Mahaveer Foundation Award for human endeavor in the field of Medicine, 2013; North East India Emarat-E-Shariah and Nadwatut Tameer, Maulana Abdul Jalil Choudhury Memorial Award 2015; The Telegraph "True Legend" award 2016; The National Oral Healthcare Sushruta Award from the Indian Dental Association in 2017; Dr. K.V. Thiruvengadam Award for excellence in medical service to the community, 2018 and For the Sake of Honor Award 2019-20 from Rotary Club of Madras.





डॉ. रवि कण्णन आर.

डॉ. रवि कण्णन आर. जून 2007 से असम के बराक घाटी में सिलचर शहर के बाहरी इलाके में स्थित कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर नामक एक अस्पताल के निदेशक के रूप में सेवा प्रदान कर रहे हैं। उनकी टीम ने सीमित बुनियादी ढांचे और उपचार सुविधाओं के साथ केवल 23 लोगों के स्टॉफ और 6: बेड ऑक्यूपेंसी रेट वाले 20 बेड के अस्पताल को व्यापक कैंसर देखभाल सुविधा एवं 100 बेड ऑक्यूपेंसी रेट तथा 300 से अधिक कर्मचारियों वाले 100 बिस्तर से युक्त एक सुसज्जित अस्पताल में बदल दिया है।

2. 5 अगस्त 1964 को जन्मे, डॉ. कण्णन ने 1987 में चेन्नई के किलपौक मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस, 1991 में मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से मास्टर्स इन जनरल सर्जरी (एमएस) और 1994 में कैंसर इंस्टीट्यूट (वीवीआईए), चेन्नै से सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में मास्टर ऑफ़ सर्जरी (एम.सी.एच.) की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने कैंसर इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआईए), चेन्नई में पंद्रह साल अपनी सेवा दी। वहां उन्होंने समावेशी स्वास्थ्य देखभाल को अपना सिद्धांत बनाया और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि वैज्ञानिक उन्नति का फायदा सामाजिक आर्थिक रूप से सबसे कमजोर तबके तक पहुंचे। उनका पूरी तरह यह मानना है कि उन्हें अपनी शिक्षा और करियर के दौरान कुछ करिश्माई शिक्षकों का मार्गदर्शन और संरक्षण प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।

3. डॉ. कण्णन, अपने डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के समर्पित समूह के साथ असम के बराक घाटी और अन्य जिलों तथा त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम के इन सेवाओं से वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर समुदाय के ऐसे मरीजों को कैंसर का इलाज करते हैं जिनके लिए कैंसर का उपचार करना अंसभव था। उनके अस्पताल में प्रतिवर्ष 4000 से अधिक नए और लगभग 20,000 पुराने रोगियों का उपचार किया जाता है। उनके यहां आने वाले रोगियों में लगभग 62 प्रतिशत रोगी 6000 रुपये या उससे कम की मासिक आमदनी वाले और 80 प्रतिशत रोगी दैनिक मजदूर, कृषि और चाय बागान के श्रमिक होते हैं। लगभग 75 प्रतिशत रोगियों को उनके रहने, खाने–पीने और उपचार के लिए मदद प्रदान की जाती है।

4. डॉ. कण्णन और उनके सहयोगी, यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि अस्पताल में कोई भी मरीज संसाधनों के अभाव में उचित उपचार से वंचित न रहे। बहुत कम या मुफ्त उपचार के अलावा, यह अस्पताल मरीजों और जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन, ठहरने के लिए बहुत मामूली शुल्क पर धर्मशाला, बहुत कम लागत पर दवाइयों के लिए फार्मेसी, सक्षम रोगियों और उनके परिचरों के लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसर, रोगियों के लिए सहायता जुटाने में मदद करने के लिए एक टीम, रोगियों के घर के निकट स्थित जिलों में सेटेलाइट क्लीनिक और जो रोगी अस्पताल में आने में असमर्थ हैं, उनके लिए फ्री होम केयर प्रोग्राम जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी रोगियों के साथ एक जैसा व्यवहार हो, यह अस्पताल रोगियों से अलग–अलग शुल्क नहीं लेता है।

5. डॉ. कण्णन कई प्रोफेशनल संस्थाओं के सदस्य हैं और चिकित्सा शिक्षण के प्रति अत्यंत उत्साही हैं। उन्होंने ऐसे कई सर्जनों को अपने संरक्षण में प्रशिक्षित किया है जो बाद में देश के विभिन्न हिस्सों में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।

6. डॉ. कण्णन को कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है जिनमें उनकी सेवाओं के लिए वर्ष 2004 में डॉ. के.एस. संजीवी अवार्ड; लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा 2010–11 में उत्कृष्टता के लिए कर्मयोगी पुरस्कार; 2012 में ऑन्कोलॉजी में उत्कृष्ट सेवा के लिए कैंसर एड एंड रिसर्च फाउंडेशन पुरस्कार; 2013 में चिकित्सा के क्षेत्र में मानव प्रयास के लिए सोलहवां भगवान महावीर फाउंडेशन पुरस्कार; 2015 में नॉर्थ ईस्ट इंडिया इमरत–ए–शरिया और नादवतुत तमीर, मौलाना अब्दुल जलील चौधरी मेमोरियल अवार्ड; 2016 में टेलीग्राफ "ट्रू लीजेंड" पुरस्कार; 2017 में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर से द नेशनल ओरल हेल्थकेयर सुश्रुत पुरस्कार; समुदाय के लिए चिकित्सा सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. के.वी. थिरुवेंगदम पुरस्कार 2018, और रोटरी क्लब ऑफ मद्रास की ओर से फॉर दि सेक ऑफ ऑनर अवार्ड 2019–20 प्रमुख हैं।